## सार-समाचार

### दस माह से फरार आरोपी पकड़ा

**जालोर**, (कासं)। जालोर महिला पुलिस ने मंगलवार को ''ऑपरेशन शिंकजा'' के तहत कार्यवाही कर दस माह से फरार पोक्सो एक्ट के अपराधी को गिरफतार किया। पुलिस टीम ने चार सौ किलोमीटर दुरी तय कर वांछित अभियुक्त सन्तोष कुमार उर्फ सत्यनारायण सोनी को गिरफतार किया। महानिरीक्षक पुलिस विकासकुमार जोधपुर, रेंज जोधपुर के निर्देशन में रेंज में फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान ''शिकंजा'' में कार्यवाही के तहत जालोर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में वांछित अपराधियों की गिरफतारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत महिला पुलिस थानाधिकारी अनु चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम ने पोक्सो एक्ट में 10 माह से फरार नाबालिग से छेड़छाड के प्रकरण में वांछित अपराधी सन्तोष कुमार उर्फ सत्यनारायण पुत्र मोहनलाल जाति सोनी, उम्र 43 वर्ष, पैशा मजदूरी, निवासी सोनारों का वास देशनोक, पुलिस थाना देशनोक, जिला बीकानेर को आसूचना व तकनीकी आधार पर सूचना संकलित की जाकर देशनोक (बीकानेर) से डिटेन किया जाकर बाद पूछताछ गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में मुलजिम सन्तोष कुमार से अनुसन्धान जारी हैं।

### जे.एन.वी.यू. में पेंशनधारकों का धरना

**जोधपुर**, (कासं)। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के पेंशनधारकों का धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। उन्होंने बकाया पेंशन की मांग को लेकर कुलपति कार्यालय के बाहर प्रदर्शन भी किया। साथ ही कुलपति के इस्तीफे की मांग की। पेंशनर्स सोसायटी और विश्वविद्यालय पेंशनर्स संघर्ष समिति की ओर से आयोजित इस धरने में एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज सहित विभिन्न संकायों से सेवानिवृत्त कार्मिक व शिक्षक, जिनकी पेंशन पिछले पांच माह से नहीं मिली तथा अन्य पेंशनर्स, जिनका दो माह से भुगतान लंबित है, ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारी पेंशनर्स ने कुलपति कार्यालय के समक्ष धरना देकर प्रशासनिक अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय पेंशनर्स सोसाइटी के अध्यक्ष प्रोफेसर रामनिवास शर्मा व सचिव डॉ. लोकेंद्र सिंह शक्तावत और पेंशनर्स संघर्ष समिति संयोजक अशोक व्यास ने बताया कि पेंशन भुगतान में हो रही लगातार देरी और अनदेखी के चलते सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

### नगर निगम पाली वसूलेगा यूजर चार्ज

**पाली**, (नि.सं.)। शहर में घर-घर कचरा संग्रहण करने वाली संवेदक फर्म वी वॉयस के द्वारा निविदा शर्तो के अनुसार यूजर चार्ज संग्रहण का कार्य किया जाएगा।आयुक्त नवीन भारद्वाज ने बताया कि पाली शहर के वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों एवं आवासीय क्षेत्र में जनवरी 2024 से अप्रैल 2025 तक लगभग 7 करोड़ 53 लाख रुपए का यूजर चार्ज अभी तक बकाया है। यूजर चार्ज के संग्रहण के लिए संवेदक फर्म के कर्मचारियों द्वारा संबंधित को नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 128 के अंतर्गत बकाया राशि के बिल दिए जाएंगे। इन बिल का भुगतान नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित पर नगर पालिका अधिनियम 2009 के तहत कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त ने यह भी बताया कि यूजर चार्ज की राशि निगम कोस में जमा होने पर निगम की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा।

### अवैध बजरी परिवहन पर दो ट्रैक्टर जब्त

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के सायला पुलिस ने मंगलवार को अवैध बजरी परिवहन करते दो ट्रेक्टर मय ट्रोली जब्त कर दो जनो को गिरफतार किया। सायला पुलिस ने सरहद चौराउ स्थित चौराउ से बावतरा जाने वाली सड़क पर 02 ट्रेक्टर मय बजरी से भरी हुई ट्रोली चालक/मुलजिमान श्रवणसिंह पुत्र धुकसिंह जाति राजपूत उम्र 36 साल निवासी बावतरा पुलिस थाना सायला व सवाईसिंह पुत्र दलपतसिंह जाति राजपूत उम्र 26 साल निवासी बावतरा पुलिस थाना सायला के कब्जे से बरामद की गई। ट्रेक्टर चालक/मुलजिमानों के पास ट्रोलीयों में भरी बजरी के सम्बन्ध में कोई वैध खनिज रवन्ना/रोयल्टी रसीद नहीं होना पाया गया। जिस पर मुलजिमान श्रवणसिंह व सवाईसिंह को गिरफतार किया गया।

### फ्लैट में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने फ्लैट में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। उसकी वृद्ध मां की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई। शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि मनंत अपार्टमेंट, पाल रोड निवासी नीलम वोहरा पत्नी कृष्ण कुमार ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि रात के समय में उसके पुत्र 39 वर्षीय रूचिर वोहरा ने फ्लैट के रूम में फं दा लगा लिया। पता लगने पर उसे फंदे से उतार कर अस्पताल लाया गया। मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। उसके आत्महत्या किए जाने का कारण पता नहीं चला है।

### तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में मौत

**जोधपुर**, (कासं)। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड नहर चौराहा के पास में एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसके मुंह से झाग निकलने लगे। तब उसे अस्पताल लाया गया। बाद में उसकी मौत हो गई। उसके भाई की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई। चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि विनायक नगर बिड़ला स्कूल के पास रहने वाले भगवानदास पुत्र चन्द्रप्रकाश सिंधी ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 19 मई को उसका भाई सुनिल नहर चौराहा के पास से निकल रहा था। तब उसकी अचानक से तबीयत बिगड़ गई। उसके मुंह से झाग भी निकलने लगे थे। तब उसे राहगीरों की मदद से अस्पताल भिजवाया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई।

### सीढ़ियों से गिरे युवक की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। कुड़ी भगतासनी सेक्टर 5 में एक युवक शराब के नशे में अपने घर की सीढ़ियों से अचानक गिर गया। बाद में उसे अस्पताल लाया गया, मगर उसकी मौत हो गई। कु ड़ी थाने में मर्ग में रिपोर्ट दी गई। कुड़ी भगतासनी पुलिस ने बताया कि 4 सेक्टर निवासी मनीष कुमार पुत्र जस्टिन सुरेन्द्र ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका भाई जितिन कुमार कुड़ी सेक्टर 5 में रहता था। वह 19 मई को शराब के नशे में सीढ़ियों से अचानक से गिर गया। जिस पर वह घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई।

### सूने घर में चोरों ने लगाई सैंध

**जोधपुर**, (कासं)। निकटवर्ती मथानिया के बड़ावास गांव में एक सूने मकान में चोरी हो गई। मथानिया पुलिस ने बताया कि मूलतः ओसिया के घेवड़ा हाल बड़ावास मथानिया निवासी रेखा पत्नी प्रताप सिंह राजपुरोहित ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 17-19 के बीच में सूने रहे उसके मकान में अज्ञात नकबजन ने सैंधमारी करके घर में पर्स में रखी सोने की दो अंगुठिया, एक चेन और बीस हजार रूपए चुराकर ले गए। वक्त घटना अपने पारिवारिक काम से बाहर गई हुई थी।

### संप्रेषण किशोर गृह का निरीक्षण

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशों की पालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष, (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), जोधपुर महानगर अजय शर्मा तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर राकेश रामावत ने मंगलवार को किशोर न्याय बोर्ड, जोधपुर एवं राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष शर्मा द्वारा इस गृह में आवासित बालकों के भोजन, चिकित्सा सुविधा, रहन-सहन व अन्य आवश्यक सुविधाएं की जांच पड़ताल करते हुए निर्देश भी प्रदान किये गये।

### लूणी क्षेत्र के लिए 23 सड़कें स्वीकृत

**जोधपुर**, (कासं)। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के सड़क तंत्र का सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकीकरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा बजट वर्ष 2025-26 की घोषणा के अनुरूप विधानसभा क्षेत्र लूणी में 15 करोड रूपये की 65.87 किमी लंबाई की नॉन पेचेबल/मिसिंग लिंक की 23 सडकों के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 28 को

**जालोर**, (कासं)। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 28 मई, बुधवार को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी। यह जानकारी सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता डी.आर.माधव ने दी।

# वीर सैनिकों के सम्मान व ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देशभक्तों ने तिरंगा रैली निकाली



सांचौर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत



जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी ने तिरंगा यात्रा को संबोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**सांचौर**, (कासं)। सांचौर में ऑपरेशन सिंदूर के गौरवशाली सफलता के सम्मान में सांचौर के विभिन्न संगठनों के तत्वाधान में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

तिरंगा रैली का शुभारंभ राव बल्लुजी सर्किल पर राव बल्लुजी की प्रतिमा पर पुष्पमाला पहनाकर शुभारंभ किया गए एवं विवेकानंद सर्किल पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा को पुष्पमाला अर्पित कर समापन किया गए । तिरंगा रैली में शहर के व्यापार संघ, बार एसोसिएशन, डॉक्टर एसोसिएशन सहित अनेक संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। रैली में जालोर सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे विश्व में भारत का नाम ऊंचा किया है । देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री, रक्षामंत्री, विदेश मंत्री ने सेना को ऑपरेशन की छूट देकर जो कार्य किया है वो ऐतिहासिक है। जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने कहा कि पूरे जिले में जगह जगह तिरंगा यात्रा का आयोजन हो रहा है जिसमें देश के सैनिकों के प्रति जो सम्मान की भावना है वो बहुत ही सुंदर है । देश के सैनिकों ने जो ऑपरेशन किया है वो हम सभी भारतीय के लिए गर्व की बात है ।

पूर्व सांसद देवजी पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन काल में सेना के लिए जो आधुनिकीकरण हुआ है जिसके फलस्वरूप आज इस परिस्थितियों का मुकाबला हमने बडे जोर से किया और पाकिस्तान को घुटनों के बल गिरा दिया है। आज की सेना पाकिस्तान में घुस कर आतंकियों के ङ्गिकानों को खत्म किया एवं आतंकियों को मौत के घाट उतारा है । ऑपरेशन सिंदूर को सिर्फ विराम दिया गया है अगर पाकिस्तान कोई भी तुच्छ हरकत करता है तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

पूर्व जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव ने कहा कि देश की सेना सीमा पर हमारी रक्षक बनकर हमारी ढाल बनकर खडी है। हमे हमारे आस पास रहने वाले सेना के नौजवान बंधुओं को सम्मान देना है एवं उनके परिवार के साथ हर परिस्थितियों में साथ रहकर उनका हौंसला बढाना है । देश के आधुनिक हथियारों के कारण पूरे विश्व में भारत का नाम गर्व के साथ लिया जा रहा है। इस दौरान शहर के गणमान्य नागरिक, माता, बहने , विभिन्न संगङ्गनों के पदाधिकारी, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। देश में आपरेशन सिंदूर की सफलता व भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के लिये भाजपा संगठन की ओर से देश के सभी राज्यो में प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा के तहत मंगलवार को सीमांत जिला जैसलमेर में विजय स्तंभ सर्किल से रवाना हो कर हनुमान सर्किल, गांधी चौक, सदर बाजार , गोपा चौक व आसानी रोड़ होते हुवे अम्बेडकर पार्क पहुंची। इससे पूर्व शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं पुलिस बैंड ने देशभक्ति की धुनों पर सभी का ध्यान खींचा।

मीडिया प्रभारी बाबू लाल शर्मा ने जानकारी देते हुवे बताया कि तिरंगा यात्रा को पूर्व महारावल चेतन्यराज सिंह भाटी ने रवाना किया। यात्रा में जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, जिला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी, जिलाध्यक्ष दलपत हिंगड़ा, जिला संयोजक हिम्मताराम चौधरी, सह संयोजक उदयसिंह भाटी, नगर अध्यक्ष अरुण पुरोहित, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सारदा, महेंद्र तंवर, पूर्व विधायक सांगसिंह भाटी, कंवराजसिंह चौहान, सभी समाजो के प्रबुद्धजन, महिलाएं, युवा वर्ग, बालक बालिकाएं कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान की सीमा से लगे जिले जैसलमेर में तिरंगा यात्रा में शामिल होकर तिरंगा यात्रा निकाली। सभी जगह पुष्पवर्षा से तिरंगा यात्रा का स्वागत किया।

### रीको तृतीय में कार्यशाला 30 को

**जालोर**, (कासं)। जिले में निवेश बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी नई नीतियों एवं संचालित योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से 30 मई को ग्रेनाइट एसोसिएशन हॉल, रीको तृतीय चरण जालोर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी ने बताया कि उद्यमों की स्थापना, विस्तार और आधुनिकीकरण में मदद के उद्देश्य से आयोजित होने वाली कार्यशाला में राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्ट समिट 2024 के तहत हुए एमओयू को वास्तविक निवेश में बदलने के लिए राज्य सरकार द्वारा लाई गई नई नीतियों जैसे-राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024, राजस्थान एमएसएमई नीति-2024, 'एक जिला-एक उत्पाद नीति-2024', क्लस्टर विकास योजना, निर्यात प्रोत्साहन योजना-2024, लॉजिस्टिक नीति, डेटा सेंटर नीति व वस्त्र एवं परिधान नीति आदि योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला में जिले के विभिन्न विभाग जैसे-रीको लिमिटेड, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, लीड बैंक मैनेजर, शिक्षा विभााग, खनन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, पर्यटन विभाग, नगर परिषद, ऊर्जा विभाग, कौशल एवं उद्यमिता विभाग, औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि, बैंकर्स, सीए एसोसिएशन एवं जिले के उद्यमी शामिल होंगे। विभागों के अधिकारियों व प्रतिनिधियों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही निवेशकर्ता एवं उद्यमियों की शंकाओं का समाधान किया जायेगा।

## स्कूटी की डिग्गी से रुपए चोरी के दो आरोपी पकड़े



पाली में दिनदहाड़े मंडिया रोड बैंक के सामने खड़ी स्कूटी की डिग्गी खोलक 6.30 लाख रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हुए दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में दिनदहाड़े मंडिया रोड बैंक के सामने खड़ी स्कूटी की डिग्गी खोलकर उसमें से 6.30 लाख रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हुए दोनों आरोपियों को पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चला कर पकड़ लिया।

सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध पकड़ा गया था जो घटना के बाद मौके पर ही पुलिस के सर्च ऑपरेशन को देख रहा था। उसके पकड़े जाने पर पुलिस ने उसकी निशानदेही पर दूसरे आरोपी को उसके घर से दबोचा। जिन्हें पूछताछ जारी है। पुलिस ने इस मामले में पाली के मस्तान बाबा ओड बस्ती निवासी 21 साल के सूरज पुत्र ताराचंद ओर मुलियावास गांव निवासी 26 साल के तुलसाराम उर्फ तूफान उर्फ जीतू पुत्र भंवरलाल को गिरफ्तार किया। जिनसे पूछताछ जारी है।

सोमवार को दिनदहाड़े हुई यह घटना बैंक के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो एक आरोपी स्कूटी के पास आकर स्कूटी खोल उसमें रखे 6.30 लाख रुपयों से भरा बैग कुछ सैकेंड में चुराकर ले जाता हुआ नजर आया। यह देख स्कूटी मालिक एटीएम से निकाले रुपए एटीएम में ही छोड़कर उसके पीछे भागा लेकिन आरोपी ट्रीटमेंट प्लांट संख्या दो में घुस गया। मौके पर पहुंचे सिटी ऊषा यादव, कोतवाल अनिल विश्नोई के नेतृत्व में पूरी टीम सर्च ऑपरेशन में जुटी रही। फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध को मौके से पकड़ा गया। उससे पूछताछ के आधार पर पुलिस दूसरे आरोपी को उसके घर से देर रात को दबोच कर लेकर आई। जिनसे पूछताछ जारी है।

## एम.डी.एम.अस्पताल की न्यू डायग्नोस्टिक विंग में विस्फोट से अफरा-तफरी

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल की न्यू डायग्नोस्टिक विंग में मंगलवार दोपहर अचानक अफरा-तफरी मच गई। किसी के पास रखी पेपर स्प्रे की बॉटल में विस्फोट हो गया, जिससे निकली गैस के कारण लोगों की आंखों में जलन और खांसी होने लगी।

घटना दोपहर करीब एक बजे की है, जब ट्रोमा सेंटर से कुछ दूर स्थित न्यू डायग्नोस्टिक विंग में मरीजों और तीमारदारों की सामान्य आवाजाही चल रही थी। अचानक हुए हल्के विस्फोट से लोग चौंक गए और इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, गैस फैल गई। बाद में पता चला कि किसी व्यक्ति के पास रखे पेपर स्प्रे में विस्फोट होने से यह स्थिति उत्पन्न हुई।

एमडीएमएच अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित सहित अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। प्रारंभिक छानबीन में पता चला कि यह सेल्फ डिफेंस के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पेपर स्प्रे की बॉटल थी, जो एक युवती के हाथ से गिरकर फट गई। हालांकि, घटना के बाद वह युवती चुपचाप वहां से निकल गई। अस्पताल प्रशासन ने राहत की बात यह बताई कि घटना में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा।

### योग की तैयारी

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में बाड़मेर जिले में 30 दिवसीय काउंट डाउन योगाभ्यास कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग घोषित की गई है।

### कार्यों की समीक्षा


**बालोतरा**, (नि.सं.)। कलैक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

यादव ने चिकित्सा, पेयजल, विद्युत एवं संपर्क पोर्टल, ई-फाईलिंग के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किये।

कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज.) 345001
क्रमांक/भूमि/2025-26/357 दिनांक - 20.05.2025
-:: प्रसारित नोटिस उजरदारी ::-
श्री दीनदयाल खत्री पुत्र श्री मथुरादास जाति खत्री निवासी जैसलमेर द्वारा एक आवेदन -पत्र मय अपंजीकृत वसीयत बेचान ऐग्रीमेन्ट पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या 103 साईज 7.5 गुणा 15 वर्गमीटर वाके गांधी कॉलोनी जैसलमेर जो की श्री धन सिंह पुत्र श्री वचन सिंह निवासी जैसलमेर से जरिये अंपजीकृत वसीयत बेचान ऐग्रीमेन्ट से क्रय किया गया है उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री दीनदयाल खत्री पुत्र श्री मथुरादास जाति खत्री निवासी जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है । अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय मे 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद कोई उजर ऐतराज मान्य नही होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी । सूचित रहे ।
आयुक्त
नगर परिषद् जैसलमेर

कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज.) 345001
क्रमांक/भूमि/2025-26/356 दिनांक - 20.05.2025
-:: प्रसारित नोटिस उजरदारी ::-
श्री दीनदयाल खत्री पुत्र श्री मथुरादास जाति खत्री निवासी जैसलमेर द्वारा एक आवेदन -पत्र मय अपंजीकृत वसीयत बेचान ऐग्रीमेन्ट पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या 190 साईज 7.5 गुणा 15 वर्गमीटर वाके गांधी कॉलोनी जैसलमेर जो की श्री मनसुखदास पुत्र श्री केशरीमल जाति खत्री निवासी जैसलमेर से जरिये अंपजीकृत वसीयत बेचान ऐग्रीमेन्ट से क्रय किया गया है उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री दीनदयाल खत्री पुत्र श्री मथुरादास जाति खत्री निवासी जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है । अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय मे 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद कोई उजर ऐतराज मान्य नही होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी सूचित रहे ।
आयुक्त
नगर परिषद् जैसलमेर

कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज.) 345001
क्रमांक/भूमि/2025-26/355 दिनांक - 20.05.2025
-:: प्रसारित नोटिस उजरदारी ::-
श्री नारायण सिंह श्रीमाली पुत्र श्री गंगा शंकर श्रीमाली निवासी लेलोनी पाड़ा जैसलमेर द्वारा एक आवेदन -पत्र, वसीयतनामा, पारिवारिक बटवारनामा पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या 241 साईज 7.5X15 = 112.5 वर्गमीटर वाके गांधी नगर आवासीय योजना जैसलमेर जो की श्रीमती सरस्वती देवी पत्नि श्री गंगा शंकर श्रीमाली जाति निवासी जैसलमेर, से जरिये रजिस्टर्ड वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है । उक्त भूखण्ड का नामान्तण श्री नारायण सिंह श्रीमाली पुत्र श्री गंगा शंकर श्रीमाली निवासी लेलोनी पाड़ा जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है । अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय मे 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद कोई उजर ऐतराज मान्य नही होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी सूचित रहे ।
आयुक्त
नगर परिषद् जैसलमेर



ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पुलिस, सेना और बी.एस.एफ. के बीच बेहतर तालमेल को लेकर थल सेनाध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी ने जैसलमेर पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी प्रशंसा डिस्क से सम्मानित किया। फोटो राष्ट्रदूत

### टास्क फोर्स की बैठक हुई

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। 'बेटी बचाओ-बेटी पढाओं' योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक जिला कलैक्टर टीना डाबी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम, डीईओं प्राथमिक एवं माध्यमिक बाड़मेर कृष्णसिंह महेचा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. आरबीसिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक सुरेन्द्र प्रतापसिंह, सीएमएचओं विष्णुराम विश्नोई, सहायक प्रोफेसर श्रीमती सरिता लीलड़, नगर परिषद के एईएन पुरखाराम आदि उपस्थित रहे।

टास्क फोर्स के सदस्य सचिव एवं महिला अधिकारिता के उप निदेशक प्रहलादसिंह राजपुरोहित ने एक्शन प्लान पर चर्चा कर पूर्व बैठक कार्यवाही विवरण एवं व्यय पर प्रकाश डाला।

## अवैध गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के आहोर थाना पुलिस ने मंगलवार को अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 345 ग्राम गांजा को बरामद किया।

अवैध मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम हेतु मिशन मदमर्दन के तहत ''ऑपरेशन भौकाल'' के साथ-साथ ''ऑपरेशन संपोलिया'' के तहत कार्यवाही करने के निर्देशानुसार ज्ञानचन्द्र यादव, जिला पुलिस अधीक्षक जालोर के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत संदिग्ध स्थानों एवं वाहनों की संघन तलाशी ली जाकर कार्यवाही करने के क्रम में जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाहीयां की जा रही है इसी क्रम में श्री मोटाराम गोदारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जालोर एवं श्री जयराम मुण्डेल आरपीएस वृताधिकारी वृत आहोर के निकटतम सुपरविजन में करणसिंह नि.पु. थानाधिकारी पुलिस थाना आहोर के नेतृत्व में 19 मई को नरपतसिह उनि. मय जाब्ता द्वारा थाना हल्का क्षेत्र के अनाज मण्डी आहोर के पास गश्त के दौरान एक व्यक्ति पैदल पैदल आता दिखाई दिया जिसका नाम पता पुछा तो प्रकाश कुमार पुत्र गोविन्दलाल जाति सैन उम्र 28 साल निवासी हनुमान कालोनी आहोर पुलिस थाना आहोर होना बताया एवं इसके हाथ में सफेद रंग की थैली को चैक करने पर उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 345 ग्राम गांजा बरामद किया जाकर अभियुक्त प्रकाशकुमार के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया।

## भाखरसर में रात्रि चौपाल लगी

**बालोतरा**,(नि.सं.)। अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ. गुंजन सोनी ने मंगलवार को पंचायत समिति पाटोदी की ग्राम पंचायत भाखरसर में रात्रि चौपाल की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ. गुंजन सोनी ने उपस्थित ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार आमजन की शिकायतों के निस्तारण एवं जरूरतमंद को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, इसको लेकर कृतसंकल्पित है।

उन्होंने कहा कि आमजन अपनी शिकायतों को रात्रि चौपाल में रखें, ताकि प्रशासन द्वारा इन समस्याओं की गंभीरता को समझते हुए इनका आवश्यक त्वरित निस्तारण किया जा सके।

अधिकारी बिजली और पेयजल से जुड़ी शिकायतों में आमजन को त्वरित राहत प्रदान करें।

## कई दुपहिया वाहन चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर सक्रिय वाहन चोर अलग अलग स्थानों से दुपहिया चोरी कर ले गए।

बनाड़ थाने में दी रिपोर्ट में मूलत : भोपालगढ हाल किरायेदार थबूकड़ा क्षेत्र में रहने वाले एक युवक दीपक पुत्र कैलाश राव ने पुलिस को बताया कि 17 मई को वह जाटों का नोहरा, बनाड़ आया था जहां पर खड़ी की उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुराकर ले गया। इसी तरह उदयमंदिर थाने में दी रिपोर्ट में मूलत : डीडवाना कुचमान के सिरसला हाल एकता नगर रमजान का हत्था बनाड़ निवासी नरपतलाल प्रजापत ने पुलिस को बताया कि 17 मई को वह कचहरी परिसर आया था, जहां पर खड़ी की उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुराकर ले गया।

इसी तरह कुड़ी भगतासनी थाने में दी रिपोर्ट में वायु विहार कॉलोनी में रहने वाले कन्हैयालाल पुत्र सम्पतसिंह माली ने पुलिस को बताया कि 17 मई की रात्रि के समय घर के बाहर खड़ी की उसकी बाइक चोरी हो गई। जबकि प्रतापनगर पुलिस ने बताया कि रॉयल्टी नाका नया बास बालसमंद रोड निवासी सुनिल पुत्र गपाराम लोहारा जूना खेड़ापति बालाजी मंदिर में 18 मई को दर्शन करने आया था। जहां से उसकी बाइक चोरी हो गई।

कार्यालय नगर परिषद जालोर (राजस्थान)
( अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड, जालोर -343001 )
Tel. (02973) 222270 E-mail : mbjalore24@yahoo.in
क्रमांक:- नपजा/राजस्व/2025/1302 दिनांक : 20/05/2025
॥ आपत्ति विज्ञप्ति ॥
श्री राजेन्द्र कुमार सोलकी पुत्र श्री मांगीलाल सोलकी , जाति जैन निवासी - शिवाजी नगर कॉलोनी, जालोर ने एक भूखण्ड के नामांतरण, संयुक्तीकरण व उपविभाजन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है । उक्त भुखण्ड जालोर शहर के खसरा सं. - 1705 व1705/6463 राजपुष्पक नगर, सिरे मंदिर रोड, जालोर मे आया हुआ है , जिसका पट्टा (पट्टा संख्या सं. 1930, दिनांक 24.07.1999) को श्रीमती सीता देवी पत्नी श्री मांगीलाल सोलकी के नाम से कार्यालय उपखण्ड अधिकारी (कृ. भू. रुपा), जालोर द्वारा जारी किया गया है । तत्पश्चात श्रीमती सीता देवी पत्नी मांगीलाल सोंलकी द्वारा जरिये वसीयत खसरा सं. - 1704 व 1705/6463 श्री राजेन्द्र कुमार सोंलकी पुत्र स्व. श्री मांगीलाल को भूखण्ड सं. डी 12 , डी 13 , में से 30x48 भूखण्ड नाम किया गया है । प्रार्थी ने अपने नाम से के नामांतरण, संयूक्तीकरण व उपविभाजन चाहा गया है । उक्त आवासीय प्लॉट संख्या - डी 12, डी 13 का क्षैत्रफल 1440 वर्गमीटर एवं पडौस एवं चतुर्सीमा निम्न प्रकार है
उत्तर :- प्लॉट संख्या - डी 5, डी 4 यह भुजा 48 फीट है ।
दक्षिण :- प्लॉट संख्या डी 12, डी 13 , यह भुजा 48 फीट है ।
पूर्व :- 30 फुट चौडा रास्ता , यह भुजा 30 फीट है ।
पश्चिम :- 30 फुट चौडा रास्ता , यह भुजा 30 फीट है ।
अत: सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज साक्ष्य सहित निम्नहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। इस प्रकरण से संबंधित प्रार्थना पत्र व संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान इस कार्यालय के राजस्व अनुभाग में आकर किया जा सकेगा।
अवगत रहें। आयुक्त, नगर परिषद, जालोर